## सार-समाचार

### लोक संस्कृति पर प्रस्तुतियों ने समां बांधा




**डूंगरपुर, (निसं)।** ओपन माइक संगीत ग्रुप की ओर से स्थापना दिवस पर आयोजित संगीत संध्या में देर रात तक स्थानीय संगीत कलाकारों द्वारा मधुर-स्वर लहरियां बिखेरी गई। ग्रुप संयोजक मोहित भंडारी ने बताया कि स्थानीय शिवाजी नगर स्थित टेस्टी डिलाइट कैफे में आयोजित संगीत-संध्या कार्यक्रम में जिला अलवर के शास्त्रीय संगीत गायक सुभाष रावत ने राग-भूपाली में निबद्ध ज्योति कलश छलके.. भावपूर्ण स्वर गीत-रचना सुनाकर कार्यक्रम को आध्यात्मिक यात्रा में बदल दिया।संगीत संध्या आयोजन के अध्यक्ष स्थानीय शहर के संगीतज्ञ जयराज दोशी एवं मुख्य अतिथि एबीईईओ विमल साद थे। संगीत ठ्ठुप स्थापना दिवस संध्या कार्यक्रम में स्थानीय गायक धर्मेश व्यास ने मैं कोई ऐसा गीत गाऊं कि आरजू जगाऊं... गाकर श्रोताओं की वाहवाही बटोरी। मधुर प्रस्तुतियों की श्रृंखला में जयराज, प्रशांत जोशी, रूपेश शाह, धरणीधर जोशी, दक्ष शर्मा, ध्रुव उपाध्याय व कुणाल त्रिवेदी ने अपनी-अपनी गायकी से दर्शकों का दिल जीत लिया। कैफे संचालक आरडी चौहान व टीना ने सभी आगंतुक कलाकारों का स्वागत किया। कार्यक्रम का आगाज अतिथियों द्वारा दीप-प्रज्ज्वलन के साथ सामूहिक स्वर में वंदना प्रस्तुत कर किया। मंच संचालन अंजली जोशी ने किया।

### समाज सेवा शिविर प्रारंभ

**डूंगरपुर, (निसं)।** पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय अंठोजी माध्यम विद्यालय में कक्षा 11वीं में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का समाज सेवा शिविर, दलनायक विवेक पंड्या के नेतृत्व में प्रधानाचार्य रेणुका शर्मा के मार्गदर्शन में शुभारंभ किया गया।प्रथम दिवस प्रधानाचार्य ने समाज सेवा शिविर का महत्व बताते हुए श्रमदान, पारस्परिक सहयोग की भावना, राष्ट्रीय एकता की भावना आदि इस शिविर के माध्यम से उत्पन्न की जाए, इसके बारे में संक्षिप्त में बताया गया। अध्यापक प्रशांत जोशी द्वारा छात्र-छात्राओं में म्यूजिक के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने हेतु उपकरणों के बारे में समझाया गया और कैसे उसका उपयोग किया जाता है उसके बारे में प्रायोगिक रूप से बताया गया।आगामी 31 मई तक चलने वाले इस कैंप में रोज विद्यार्थियों को नई-नई एक्टिविटी कराई जाएगी। विवेक पंड्या द्वारा 15 दिवसीय योजना बनाकर प्रस्तुत की।

### राह भटके बालक को दिया सहारा

**डूंगरपुर, (निसं)।** बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर एक लावारिस गुमशुदा बालक के असहाय अवस्था में मिलने की सूचना प्राप्त हुई। कॉलर द्वारा बताया गया डूंगरपुर शहर के सदर थाना में एक लावारिस गुमशुदा बालक को मदद की आवश्यकता है। उक्त प्रकरण में जानकारी देते हुए सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग कल्पित शर्मा ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक मेहुल शर्मा के निर्देशन में टीम से महेन्द्र कलाल बालक के पास पहुँचे व बालक की सहायता कर टीम एवं पुलिस थाना सदर टीम बालक को चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय लायी। जिसके बाद चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा बालक से बातचीत करने के दौरान बालक ने अपना नाम चिराग उम्र 7-8 वर्ष पिता कमलेश माता संगीता होना बताया। इसके अलावा बालक और कुछ नही बता पा रहा है। चाइल्ड हेल्पलाइन व सदर पुलिस के सयुक्त तत्वाधान में बालक को बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष भावेश जैन सदस्य बालकृष्ण परमार, उमेश रावल व जयश्री भट्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति द्वारा बालक को अस्थाई आश्रय राजकीय किशोर गृह तिजवड़, डूंगरपुर में दिलवाया गया है।

### निःशुल्क ओपीडी शिविर संपन्न

**डूंगरपुर, (निसं)।** महावीर इंटरनेशनल का एक दिवसीय निशुल्क ओपीडी शिवीर आज संपन्न हुआ जिसमें ढ्ढङ्कस्न एवं निःसंतानता संबंधी परामर्श हेतु कृष्वी वूमेंस हॉस्पिटल एवं आईवीएफ सेंटर अहमदाबाद के डॉ अर्चना सिसोदिया ने अपनी सेवाएं प्रदान की। संस्था के अध्यक्ष विजय जैन ने बताया कि ओपीडी शिविर में 11 रोगियों को आइवीएफ एवं निसंतानता के संबंध में जांच कर उपचार बताया गया।श्री जैन ने बताया कि आज के शिविर में महावीर इंटरनेशनल वीरा प्रियदर्शना की सचिव पुष्पक जैन ने भी शिविर में भाग लिया। महावीर इंटरनेशनल की ओर से गवर्निंग काउंसिल सदस्य विनोद दोशी,उपाध्यक्ष रविंद जैन, पूर्व अध्यक्ष शरत सरैया, संजय गांधी, कोषाध्यक्ष अशोक दोशी, सह सचिव अविचल कोटडिय़ा, पूर्व सचिव हर्षवर्धन जैन, दिनेश एम जैन एवं जोन कोषाध्यक्ष नीरव जैन ने शिविर में भाग लिया।

### मांड अध्यक्ष व पाठक बने संरक्षक

**बांसवाड़ा, (निसं)।** गनोड़ा में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी श्रमिक संघ की बैठक नाथूलाल भोई की अध्यक्षता में हुई जिसमें श्रमिक संघ की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। भारतीय संघ के जिला मंत्री राम मुकेश मीणा ने कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए पदाधिकारियों को बधाई दी। कार्यकारिणी में अध्यक्ष जगपाल सिंह मांड मोटा गांव, उपाध्यक्ष सोमाभाई, भैरव सिंह कटारा, प्रवीण सिंह, हार्दिक मेहता, राजेंद्र सिंह, महामंत्री प्रमोद सिंह, संगठन मंत्री विटला यादव, कोषाध्यक्ष अरविंद शर्मा को मनोनीत किया गया। इसी तरह सह मंत्री नलिन, रमणलाल रावल, मीडिया व संचार मंत्री अर्जुन सिंह तथा पदेन सदस्य के रूप में यूनुस खान, अरविंद शर्मा, नरेश चरपोटा, मोहम्मद हनीफ, कांतिलाल, रमेश निनामा, एवं लक्ष्मण बुनकर को चुना गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का स्वागत किया गया।

# साकरोदा में भीषण आग से दो दुकानों में लाखों का नुकसान

**राजसमंद, (निसं)।** जिले में लावासरदारगढ रोड पर पनोतिया पंचायत के साकरोदा चौराहे पर चार दुकानों में भीषण आग से लाखों रुपए का नुकसान हो गया। सूचना पर कुंवारिया पुलिस के साथ दमकल मौके पर पहुंची और करीब तीन घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया।

कुंवारिया थाने के एएसआई गिरधारीसिंह राठौड ने बताया कि साकरोदा चौराहे पर बुकरडा, आमेट निवासी माकनसिंह के विजय मोबाइल नामक इलेक्ट्रोनिक शॉप में शोर्ट सर्किट से आग लग गई। रात करीब 12 बजे दुकानों से धुआं उठता देख लोगों ने

> ■ करीब तीन घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया



राजसमंद के साकरोदा चौराहे पर इलेक्ट्रोनिक शॉप में लगी आग से उड़ती लपटें।

दुकानदार के साथ पुलिस व प्रशासन को सूचना दी। इस पर राजसमंद नगर परिषद से दमकल मौके पर पहुंची और कुंवारिया थाने से पुलिस जाब्ता भी पहुंच गया। पुलिस व प्रशासन के साथ दमकलकर्मी विरदसिंह, फायरमैन पूरण पुरी, बहादुरसिंह, मुकेश रेगर आग बुझाने में जुट गए। इस तरह करीब तीन घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका, मगर तब तक इलेक्ट्रोनिक दुकान में फ्रीज के कम्प्रेशर में आग लगने से तेज-तेज धमाके हुए और उसकी वजह से दुकान की छत भी डैमेज हो गई, तो शटर टूट कर बाहर गिर पडा। इसी तरह पास में साकरोदा निवासी हितेशसिंह राजपूत के आरडी कलेक्शन नामक कपडे की दुकान भी आग की चपेट में आ गई, जिससे लाखों रुपए का नुकसान हो गया। इसी तरह दोनों दुकानों के बगल में स्थित हेयर शैलून व दूसरी तरफ अन्य दुकान का भी शटर टूट गया। इस तरह चारों दुकानों के शटर टूट गए। साथ ही इलेक्ट्रोनिक उपकरणों के साथ कपडे राख में तब्दील हो गए और दो दुकानें तो बुरी तरह से डैमेज हो गई। इसके अलावा अगल बगल की दो दुकानों के भी शटर टूट गए और काफी नुकसान हुआ हैं। आगजनी की सूचना पर दुकानदार माकनसिंह, हितेशसिंह सहित अन्य दुकानदार भी मौके पर पहुंच गए। दोनों दुकानदारों का रोजगार पलभर में छीन गया और लाखों रुपए का नुकसान भी हो गया। बताया कि इलेक्ट्रोनिक्स शॉप में एक लाख रुपए नकद भी रखे हुए थे, जो भी जल गए।

## नाटक 'एक और मौत' का मंचन

**उदयपुर, (कासं)।** मौलिक ऑर्गनाइजेशन ऑफ क्रिएटिव एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स की ओर से डॉ. आलम शाह खान की स्मृति में प्रस्तुत नाटक 'एक और मौत' ने दर्शकों को गहरे सोचने पर मजबूर कर दिया। इस कहानी का लेखन स्वर्गीय डॉ. आलम शाह खान ने किया है, जिसका नाट्य रूपांतरण एवं निर्देशन संदीप सेन ने किया। यह प्रस्तुति आलम शाह खान यादगार कमेटी द्वारा डॉ. खान की पुण्यतिथि पर आयोजित की गई।

नाटक की कथा समाज के उस तबके को उजागर करती है, जिसका रोजमर्रा की कमाई से जीवन चलाता है। कुल्फी बेचकर दो बच्चों व पत्नी का पेट पालने वाले एक ईमानदार और संघर्षशील व्यक्ति जेठूमल का किरदार संदीप सेन ने जीवंत रूप से निभाया। कभी मौसम की मार, कभी स्कूल के बच्चों की जल्दी छुट्टी जैसे कारणों से कुल्फी नहीं बिकती जिससे जैठूमल को अपने बच्चों का पेट भरने के लिए पानी में चीनी घोलकर पिलाने पर मजबूर होता है। हालात तब और बिगडती हैं जब पडोस में एक मौत हो जाती है और शोकवश उसे एक और दिन व्यवसाय बंद रखना पडता है। कर्ज पर लिया कुल्फी का



नाटक 'एक और मौत' में प्रस्तुति देते कलाकार।

सामान, घर की भूख और मानसिक तनाव से जूझता जैठूमल जब उस मृत व्यक्ति के अंतिम संस्कार में पहुँचता है, तो असहाय मन:स्थिति में उसके मुंह से राम नाम सत्य है की जगह अनायास कुल्फी ले लो निकल जाता है। नाटक मानवीय पीडा, परंपरागत सामाजिक व्यवस्था की विडंबनाओं, और नीचले तबके की रोजमर्रा की परेशानियों को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत करता है। इसमें मुख्य कलाकार के रूप में संदीप सेन व पायल मेनारिया तथा सह कलाकार प्रवर खंडेलवाल, सिद्धार्थ शर्मा, यश कुमावत और जतिन भरवानी शामिल थे। संगीत की जिम्मेदारी भी जतिन भरवानी ने निभाई। संचालन डॉ. ममता पानेरी ने किया और आयोजन सचिव डॉ. तराना प्रवीन रहीं। मुख्य अतिथि डॉ. सत्यनारायण व्यास, विशिष्ट अतिथि डॉ. सरवत खान तथा अध्यक्ष डॉ. लईक हुसैन उपस्थित रहे।

## श्रीमद् गौ भागवत कथा का शुभारंभ

**उदयपुर,(कासं)।** कानोड़ के खेता खेड़ा गांव में श्रीमद् गौ भागवत कथा का शुभारंभ रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। प्रातः शुभ मुहूर्त में संकट मोचन बालाजी महाराज की पूजा के बाद साध्वी निष्ठा गोपाल सरस्वती दीदी के सानिध्य में कलश यात्रा शुरु हुई।

यात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से होती हुई विद्यालय ग्राउंड स्थित कथा स्थल पहुंची। वहां सभी 151 कलशों की पूजा की गई। साध्वी निष्ठा गोपाल सरस्वती दीदी ने गौ माता की पूजा कर कथा का शुभारंभ किया। व्यास पीठ पर श्रीमद् भागवत पोथी की विधिवत पूजा की गई। ग्रामवासियों ने दीदी का मेवाड़ी पगड़ पहनाकर स्वागत किया। दीदी ने कथा सुनने और जीवन में उतारने के लिए कुछ नियम बताए। दीदी ने कहा कि हमें सनातन धर्म की मर्यादा में रहकर पौराणिक संस्कृति का पालन करना चाहिए। बच्चों को सनातन संस्कृति की पूरी जानकारी होनी चाहिए, ताकि वे पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से बच सकें। श्रीमद् गौ भागवत कथा प्रतिदिन सुबह 8 से 11 बजे तक होगी।

## योग शिविर शुरु

**उदयपुर, (कासं)।** मनवा खेड़ा स्थित वीरवाल जैन समाज छात्रावास में रविवार से 25 दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ हुआ। योग शिविर में 53 से अधिक शिविरार्थियों ने लाभ लिया। मीडिया प्रभारी एवं योग साधक जिग्नेश शर्मा ने बताया कि उदयपुर में योग शिविर मुकेश पाठक पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी के मार्गदर्शन, मोहन सिंह शक्तावत भारत स्वाभिमान न्यास जिला प्रभारी के निर्देशों में योगी अशोक जैन योग समन्वयक एवं पूरण सिंह राठौड़ वरिष्ठ योग शिक्षक द्वारा प्रार्थना, वार्मअप,सूर्य नमस्कार,खड़े होकर, बैठ कर, पेट के बल,पीठ के बल किए जाने वाले आसनों के अभ्यास के साथ मुख्य प्राणायाम का अभ्यास करवाए।

## प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**बांसवाड़ा, (निसं)।** न्यू लुक सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोधा में 10वी और 12वीं सीबीएसई बोर्ड में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह में जिले के प्रशासनिक, शैक्षणिक और औद्योगिक क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्तियों ने प्रतिभाओं का उत्साह वर्धन किया।

अतिथियों ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, निरंतर परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया वहीं आयोजकों का आभार जताते हुए कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल का भारत बनाएंगे और ऐसे आयोजनों से बच्चों को नई ऊर्जा और दिशा मिलती है। माही सीमेंट वजवाना प्लांट हेड सुनील छपरा वाल ने सफलता का मूलमंत्र देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान और नैतिक मूल्यों का विकास भी आवश्यक है। गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय वेद विद्यापीठ के पूर्व निदेशक डॉ. महिपाल सिंह राव ने जड़ों से जुड़े रहनें और जीवन में शिक्षा को समाज सेवा का माध्यम बनाने का आह्वान किया। आरएसडब्ल्यूएम बिजनेस हेड एनके बहेडिया तथा बिजनेस हेड फैब्रिक शैलेन्द्र कुमार पंड्या ने औद्योगिक दृष्टिकोण से मार्गदर्शन देते हुए कहा कि आज के युवा तकनीकी व नवाचार की दिशा में कदम बढ़ाकर देश को आत्मनिर्भर बना सकते हैं। मुख्य परिचालन अधिकारी सीओओ आरएसडब्ल्यूएम शंभु कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को टीमवर्क, समर्पण और निरंतर सीखने की भावना को अपनाने की प्रेरणा दी। न्यू लुक ग्रुप के डायरेक्टर डॉ. प्रदीप कोठारी ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे समारोह विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। प्राचार्या शिखा कोठारी ने वर्षभर की उपलब्धियों और परीक्षा परिणामों की जानकारी साझा की। अतिथियों ने विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संचालन अनामिका व्यास ने किया।

## सार-समाचार

### हादसे में युवक सहित दो की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सुखेर थाना क्षैत्र में कार ने तीन लोगों को चपेट में ले लिया। हादसे में युवक सहित दो लोगों की मौत हो गई तथा एक युवक घायल हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार रात में सुखेर थाना क्षैत्र सेलीब्रेशन माल के समीप नवरत्न रोड़ पर अज्ञात कार ने वहां खड़े प्रशांत पुत्र कैलाश चन्द्र टांक निवासी अहीर मोहल्ला प्रतापगढ, बगदीराम पुत्र रकबचन्द्र टांक निवासी कारूण्डा छोती सादड़ी तथा सुलिश टांक निवासी कारूण्डा छोटी साछड़ी को चपेट में ले लिया। हादसे की सूचना मिलने पर एएसआई सरदारसिंह ने मौके पर पहुंच कर तीनों को उपचार के लिए एमबी चकित्सालय में भर्ती करवाया।जहां प्रशांत (24) व बगदीराम (72) को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर एएसआई राजेन्द्रसिंह ने मृतकों का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। प्रशांत शहर में रहते हुए निजी कॉलेज से बीसीएम की पढाई कर रहा था। जो नवरत्न में आयोजित सामाजिक समारोह में शामिल होने आए समाज जन बगदीराम व सुनिल दोनों समारोह खत्म होने पर लेने के लिए आया था। जहां नवरत्न सेलीब्रेशन माल रोड़ पर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान भुवाणा से आर केसर्कल की तरफ जा रही अज्ञात कार ने तीनों को चपेट में ले लिया था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### सक्का बिरादरी के चुनाव सम्पन्न

**उदयपुर,(कासं)।** सक्का बिरादरी की बैठक रविवार को खेरादीवाड़ा में हुई जिसमें चुनाव/चयन की प्रक्रिया पूर्व सेक्रेट्री रियाज़ हुसैन की सदारत में हुई।प्रवक्ता इजहार हुसैन ने बताया कि समाज के नए सदर मो. शरीफ व सेकेट्री फिरोज खान चुने गए। इसके अलावा कार्यकारिणी में नायब सदर के पद पर मो. सईद सक्क, निजामुद्दीन सक्का, जोइंट सेकेट्री अकीलुद्दीन सक्का, मो. समीर, कोषाध्यक्ष के रूप में मो. नदीम अब्बासी, जोइंट कोषाध्यक्ष मो. अशफाक सक्का, प्रवक्ता इजहार हुसैन, गेस्ट हाउस इंचार्ज मो. हेदर, मो. इस्हाक, मो. फरदीन, कानूनी सलाहकार एडवोकेट मो. गनी, प्रचार प्रसार मंत्री मो. आरिफ, इमरान हुसैन, विवाह कमेटी के लिए मो. वफाती, मो. शाहीद व मो. अशरफ का चयन हुआ। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों से वार्ड मेंबरों का भी चयन किया । कार्यकारिणी द्वारा समाज के विकास की रूपरेखा तय कर बताया कि समाज मे शिक्षा पर ज़ोर देते हुए एक मुहीम चलाई जाएगी। वहीं सामूहिक विवाह, मेडिकल शिविर सहित समय-समय पर कई सामाजिक कार्य किए जाएंगे।

### नकदी हड़पी, मामला दर्ज

**उदयपुर,(कासं)।**भूखण्ड बेचने का सौदा कर पीडित से नकदी हडपने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित जयंत कुमार जैन नुत्र ललित कुमार निवासी सेक्टर 14 ने लोकेश गुर्जर पुत्र अम्बालाल निवासी सेठजी की कुण्डाल, गणेश पुत्र शंकरलाल गमेती निवासी नेला के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 19 अप्रेल 23 को आरोपी से भूखण्ड खरीदने का सौदा तय होने पर 6 लाख 40 हजार रूपये अठिम भुगतान हर एठीमेंट किया। कुछ समय बाद आरोपियों ने उक्त सौदों को निरस्त कर खेड़ा सर्कल में स्थित मकान का सौदा तय कर 11 लाख रूपये का भुगतान किया। लेकिन आरोपी सौदा कंसल होने पर 6 लाख 40 हजार रूपये नहीं लौटाए। इसको लेकर उगाही करने पर टालम टोल करना शुरू कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### लाखों की धोखाधड़ी

**उदयपुर,(कासं)।** शहर के बडगांव थाना पुलिस ने आरोपी व साथी के खिलाफ भूखण्ड की रजिस्ट्री नहीं करवा नकदी हडपने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ााि ललित मोगरा पुत्र अभयसिंह निवासी वर्धमान नगर उत्तरी सुन्दरवास ताि रोकश पोरवाल पुत्र ओमप्रकाश पोरवाल निवाीस शिव काम्प्लेक्स टेक्नोक्रेट सोसायटी बेदला रोड़ ने आरोपी मुकेश डांगी पुत्र खेमराज डांगी निवासी भुवाणा, व साथी के खिलाफ प्रकरा दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि हमने आरोपी व साथी विकास पंडित से दो भूखण्ड खरीदने का सौदा तय कर 20 मई 23 से 17 मई 25 तक 15-15 लाख रूपये का भुगतान किया। निर्धारित समय पश्चात आरोपियों ने रजिस्ट्री नहीं करवाई न हीं नकदी लौटाई। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### स्कूटी से नकदी चोरी

**उदयपुर,(कासं)।** शहर के हाथीपोल थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ स्कूटी से नकदी चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित भवानीसिंह पुत्र कैलाशसिंह राजपूत निवासी कुम्हारोंका वास सुमेरपुर पाली हॉल मानबाग वाटिका के पास ने हाथीपोल पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 16 मई दोपहर में आईसीआई बैक चेतक से 50 हजार रूपये नकदी लेकर स्कूटी की डिकी में रख कर क्षैत्र मीरा पार्क के समीप स्थित एचडीएफसी बैक के बाहर स्कूटी खड़ी कर बैंक में गया। वापस लौट कर डिकी में देखा तो नकदी गायब थी। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच हेडकांस्टेबल राम खिलाडी कर रहे है।

### मारपीट में किशोर घायल

**उदयपुर,(कासं)।** उदयपुर में आपसी रंजिश के चलते बदमाशों ने मार पीटकर किशोर को घायल किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को मल्लातलाई निवासी समीर अली (17) पुत्र शौकत अली के साथ सज्जन नगर मललातलाई निवासी फैजान, रियान व अयान ने मारपीट कर दी। जिससे घायल होने पर उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। शौकत खांजीपीर क्षेत्र में कपड़े खरीदने के लिए आया था। इसी दौरान वहां पहुंचे आरोपियों से किसी बात को लेकर कहासूनी होने पर मारपीट कर दी। चिल्लाने की आवाज सूनकर बचाव में लोगों के आने पर हमलावर फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# अग्रवाल समाज देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में सबसे अग्रणी : के के गुप्ता

**उदयपुर, (कासं)।** पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन में समारोह के दूसरे सत्र में समाज की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक शनिवार रात को आयोजित की गई।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि आज के कार्यक्रम में अपार समाज की उपस्थिति से प्रभावित होकर कहा कि अभी तो यह ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है। हम किसी भी मायने में कम नहीं है ना संख्या में ना दम में खम में। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम संगठन की ताकत

> ■ पश्चिम राजस्थान अठावाल सम्मान समारोह व दूसरे सत्र में समाज की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित




अग्रवाल सम्मेलन के दूसरे सत्र में राजस्थान के 20 जिलों से आए सभी अधिकारियों को सम्मानित कर मोमेंटा देते अध्यक्ष के.के.गुप्ता व अन्य अतिथिगण।

को समझें पूर्व में भी विधानसभा चुनाव से पूर्व जयपुर में पूरे राजस्थान के करीब डेढ लाख लोगों ने इकट्ठा होकर यह प्रदर्शित कर दिया कि हम आवश्यकता पडने पर सब एक जाजम पर बैठने वाले लोग हैं। गुप्ता ने कहा कि आज देश और दुनिया में अग्रवाल अपनी अलग पहचान रखता है। सरकारों में बनाने एवं चलाने में हमारा खून पसीना लगा रहता है। हम मेहनत करते हैं बदले में सरकार को भारी मात्रा में टैक्स देते हैं तथा आवश्यकता पडने पर सरकार के चल रहे अभियानों में आर्थिक सहयोग भी करते हैं। आज रोजगार के कार्यों में अग्रवाल समाज का बहुत बडा योगदान है। अगर मैं उदयपुर की बात करूं तो उदयपुर में मात्र पांच हस्तियां ताकत ऐसी है जो लाखों लोगों को रोजगार दे रही है और लाखों लोगों के परिवार हमसे जुडे हुए है। जेपी अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, अनिल सिंघल, गोविंद अग्रवाल, सौरभ खेतान। यह किसी परिचय के मोहताज नहीं, यह वह ताकत है जो आज लाखों लोगों को स्थाई रोजगार उपलब्ध करा रही है।

गुप्ता ने कहा कि हमारे समाज की युवा जो प्रशासनिक सेवाओं में अपनी रुचि नहीं रखते हैं, आज वह देश और विदेश में अपनी योग्यता के आधार पर जाने जाते हैं पहचाने जाते हैं जिन में मुख्य रूप से हमारे ज्यादातर युवा इंजीनियर है, सीए हैं, डॉक्टर हैं, बडी-बडी कंपनियों में मैनेजमेंट पार्ट पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पहली बार हमारे समाज के 19 न्यायिक मजिस्ट्रेट चयन होने पर उनके सम्मान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसका मूल कारण मात्र यही था की बच्चों को इससे प्रेरणा मिले आगे भी वह प्रशासनिक सेवा में अपनी भागीदारी निभा सके। उन्होंने कहा कि अगर मैं दान देने वालों की बात करूं तो आज ही मैंने मीडिया में पढा था कि अनिल अग्रवाल जो की वेदांता ठ्ठुप के मालिक हैं उन्होंने 21 हजार करोड रुपए शिक्षा के लिए डोनेशन दान किए हैं तथा बी डी अग्रवाल ने भी पूर्व में 100 करोड रुपए डोनेट करके अग्रवाल समाज का नाम रोशन किया था।

## महिलाओं में दिखा उत्साह

**राजसमंद, (निसं)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय राजसमन्द, जिला शिक्षा विभाग एवं राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ राजसमन्द के संयुक्त तत्वाधान में 40 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कौशल विकास प्रशिक्षण एवं अभिरूचि शिविर में पहले ही दिन प्रवेश के लिए बालिकाओं एवं महिलाओं में भारी उत्साह देखा गया।

जिला कमिश्नर एवं जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) के नूतन प्रकाश जोशी ने बताया कि जिला शिक्षा विभाग एवं राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के निर्देशानुसार सत्र 2025 का 40 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कौशल विकास प्रशिक्षण एवं अभिरूचि शिविर 30 जून 2025 तक जिला मुख्यालय के श्री बालकृष्ण विद्या भवन राउमावि कांकरोली के प्रागंण में आयोजित किया जा रहा हैं। इस समर कैम्प में सीखने के कई बेहतर अवसर बालक-बालिकाओं एवं महिलाओं को प्राप्त होंगे, जिससे उनमें अपनी प्रतिभाओं को निकालने का सुअवसर प्राप्त होगा। शिविर प्रभारी धर्मेन्द्र गुर्जर ने बताया कि इस शिविर में प्रातः 7:3० बजे से दोपहर 12:3० बजे तक सिलाई, डांस एवं नृत्य, पेन्टिंग, स्केटिंग, कम्प्युटर, मेहन्दी, इंगलिश स्पोकन, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, कुंकिंग, ब्युटिशियन, सॉफ्ट टॉयज, मेकरम, इंटिरियर डेकोरेशन, वेस्ट से बेस्ट बनाने के साथ स्काउटिंग गाइडिंग स्किल्स आदि का गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# सी.टी.ए.ई. छात्रों ने उत्कृष्ट प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया

उदयपुर, (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय , उदयपुर के संघटक तकनीकी एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग मे आज अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने स्किल और नवीन तकनीक का प्रयोग कर कई मॉडल्स और प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया। इन छात्रों द्वारा करीब 16 प्रोजेक्ट्स बनाये गये जिनमे आईओटी , सेंसर , माइक्रो कंट्रोल, आरअफआई डी , सोलर पैनल और अन्य कई स्मार्ट डिवाइसेस का उपयोग किया गया

सिंघानिया यूनिवर्सिटी से आये विषय विशेषज्ञ प्रो. आनंद भास्कर, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स ने छात्रों द्वारा विकसित किये गये सभी प्रोजेक्ट्स की भूरी भूरी प्रसंशा की और बताया की इन छात्रों द्वारा विकसित किये गये मॉडल और प्रोजेक्ट्स का लेवल देश की कई अन्य यूनिवर्सिटीज से बेहतर और उच्च स्तर का है। डॉ. भास्कर ने कहा की कुछ प्रोजेक्ट्स को अगर थोडा इंडस्ट्रियल एक्सपर्ट इनपुट मिल जाये तो वो आमजन के लिये वरदान साबित हो सकते है। छात्रों ने विकसित किये एक मॉडल मे आईओटी और सेंसर की मदद से पशुओ को प्रतिदिन दी जाने वाली खाने की मात्रा की नियंत्रण करने की युक्ति बनाई जिसे कई किलोमीटर दूर बैठकर भी मोनिटरिंग किया जा सकता है। आरअफआईडी



सीटीएई के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रोजेक्ट्स बना इनका प्रदर्शन किया।

आधारित यह युक्ति मानव रहित गोशालाओ को स्थापित करने मे वरदान साबित हो सकती है।एक अन्य प्रोजेक्ट मे छात्रों द्वारा डॉक्टर्स एवं मरीजो के बीच मे वेटिंग पीरियड को न्यूनतम करने का आई ओ टी बेस्ड हॉस्पिटल मैनेजमेंट सिस्टम विकसित किया गया है जिसमे क्यू आर कोड एंड आर अफ आई डी का इस्तमाल करके मरीजो को बिना कोई इंतजार किये , इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से डॉक्टर्स द्वारा एक्सेस दिया जाता है। इस युक्ति से न केवल मरीजो का हॉस्पिटल मे समय बचेगा बल्कि लिमिटेड मैनपावर में भी उन्हे अच्छी सेवाये मिलेगी। कुछ अन्य विकसित किये गये मॉडल्स मे कैटल फीड सिस्टम के अलावा, मल्टी लैंग्वेज होम ऑटो मेशन सिस्टम , ई एस पी 32 बेस्ड सुर्विविलांस सिस्टम , स्मार्ट एनर्जी मीटर , सोलर पॉवर बेस्ड ऑटोमेटेड ग्रास कटर विथ सेंसर इनेबल्ड वाटर स्प्रिंकलर सिस्टम आदि प्रमुख है। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. सुनील जोशी ने छात्रों की प्रशंसा करते हुए उनके द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की . विभागाध्यक्ष डॉ. नवनीत अग्रवाल ने बताया की हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी छात्रों ने बहुत ही अच्छा कार्य किया है और उम्मीद की कि कुछ प्रोजेक्ट्स को सब्जेक्ट एक्सपर्ट्स की मदद से कमर्शियल स्टेज तक ले जाने का प्रयास किया जायेगा।